सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग
### आई.टी. भवन (योजना भवन परिसर), तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

क्रमांकः एफ.2(6855)सूप्रौ/संस्था/16/ML-526 जयपुर, दिनांक 03.02.2017

## कार्यालय आदेश

सभी प्रकार के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) आवेदन ऑनलाइन करने एवं निस्तारित करने हेतु विभाग द्वारा एकीकृत राज ई–ऑफिस एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (INTEGRATED RAJ e-OFFICE APPLICATION SOFTWARE) के तहत 'एनओसी मॉडयूल' (NOC MODULE) तैयार किया गया है। उक्त मॉड्यूल विभागीय मुख्यालय में लागू है। दिनांक 06.02.2017 से विभाग के सभी जिला कार्यालयो ( कार्यालय एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उप निदेशक; सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग ) में पदस्थापित, ब्लॉक मुख्यालयो सहित, सभी अधिकारी/कर्मचारी निम्न प्रकार के अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) हेतु राज ई–ऑफिस के एनओसी मॉडयूल के माध्यम से ही आवेदन करेगें –

1. पासपोर्ट हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र
2. विदेश यात्रा हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र
3. प्रतियोगी परीक्षा हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र

उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् विभाग में अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) हेतु कोई भी आवेदन ऑफ लाईन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

राज ई–ऑफिस एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर के उपयोग के लिए प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी की एसएसओ–आईडी [SSO-ID (Single Signature On)] होना आवश्यक है। जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की अभी तक एसएसओ–आईडी (SSO-ID) नहीं बनी हुई है, वे श्री राजीव गुजराल सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर, एस.ई.एम.टी. से सम्पर्क कर एसएसओ–आईडी (SSO-ID) अविलम्ब प्राप्त कर ले।

यू.आर.एल. तथा अन्य किसी भी प्रकार की सहायता के लिये तकनीकी संदर्भ व्यक्तियों का विवरण निम्न प्रकार हैः–

URL :- SSO.rajasthan.gov.in
HELP DESK :-
Sh. Sumit Verma
Ms. Sharaddha Adhikari

आज्ञा से,

(जयसिंह)
प्रभारी अधिकारी संस्थापन

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वरिष्ठ निजी सहायक, आयुक्त एवं प्रमुख शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
2. प्रभारी अधिकारी, एकीकृत राज ई–ऑफिस एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
3. समस्त अधिकारी/कर्मचारी को पालनार्थ।
4. रक्षित पत्रावली।

प्रभारी अधिकारी संस्थापन